D.A.V. PUBLIC SCHOOL, THANE
2022-2023
PERIODIC TEST-III
SUBJECT: HINDI(SET-A)

STD: VIII **MARKS: 40**
DATE: 21.12.22 **TIME: 1.30 hr**

सामान्य निर्देश -

१. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं |

२. दोनों खंड अनिवार्य हैं |

३. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए |

खंड-'क'

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फल ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फसल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

क. **जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?**

(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।
(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।
(iii) समय पर किया गया काम ही सफल होता है।
(iv) समय ही सच्चा है।

ख. खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?

(i) खेत में पौधे नहीं उगते।
(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।
(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।
(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।

ग. बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि

(i) गरमी शांत न हो।

(ii) फसल को लाभ न पहुँचे।

(iii) किसान प्रसन्न न हो।

(iv) नदी-तालाब न भर जाएँ।

घ. अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति का क्या हाल होता है?

(i) उसे दूसरा अवसर मिल जाता है।

(ii) उसे पछताना पड़ता है।

(iii) वह प्रसन्न होता है।

(iv) व्यक्ति आगे बढ़ता है।

ङ. गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?

(i) बादल का बरसना

(ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(iii) किसान का पछतावा करना

(iv) समय का सदुपयोग

2. निम्नलिखित शब्द में संधि कीजिए-

पुस्तक + आलय **1**

3. 'उपाध्यक्ष' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए | **1**

4. निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए - **1**

माता-पिता

5. निम्नलिखित विग्रह का समस्तपद बनाइए तथा समास के भेद का नाम लिखिए - **1**

चंद्र के समान मुख

6. दिए गए वाक्य में उचित मुहावरे का प्रयोग कीजिए - **1**

ताजमहल की सुंदरता को देख पर्यटक ---------- गए |

7. 'एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए | **1**

8. निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए- 1

पिताजी की अच्छी खासी नौकरी थी

9. आप कहाँ रहते हैं ? (वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न का नाम लिखिए |) 1

10. जहाँ बहुत अधिक समानता के कारण उपमेय में उपमान का अभेद आरोप किया जाए वहाँ -----

---------- अलंकार होता है | 1

11. 'फूल हँसे, कलियाँ मुस्काईं'- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? 1

खंड-'ख'

12. नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x3=3

मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी |
किती बार मोहिं दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी ||
तू तो कहति बल की बैनी ज्यों है है लांबी मोटी |
काढ़त गुहत नह्वावत ओछत नागिनी-सी भुंई लोटी ||
काचो दूध पिवावति पचि-पचि देति न माखन रोटी |
सूर स्याम चिरजीवौ दोउ भैया हरि-हलधर की जोटी ||

१. प्रस्तुत पद में 'मैया' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

२. कृष्ण का मनपसंद भोजन क्या है ?

३. पद में 'हरि-हलधर' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (कोई तीन) 2x3=6

क. बातचीत करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

ख. बातचीत की कला कब सार्थक तथा अमोघ सिद्ध होती है ?

ग. लेखक को श्रीधर से जलन का अनुभव क्यों हो रहा था ?

घ. लेखक की दादी माँ ने उसे मसूरी में घोड़े पर क्यों नहीं बैठने दिया था ?

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए- 3x2=6

क. बातचीत की कला ही व्यक्ति की उन्नति का मार्ग है | कैसे ?

ख. बच्चों के सर्वंगीण विकास के लिए बचपन में खेले जाने वाले खेल तथा अन्य क्रिया-कलाप क्यों ज़रूरी हैं ?

15. 'पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं' इस कथन को समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए| 5

अथवा

पिताजी को पत्र लिख कर इस बात की जानकारी दीजिए कि छात्रावास में रहते हुए, आपकी पढ़ाई-लिखाई अच्छी तरह-से चल रही है |

16. 'शिक्षा में अनुशासन की आवश्यकता है |' इस विषय पर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए | 5

अथवा

'प्रदूषण की समस्या को दूर करना आज की आवश्यकता है |' इस विषय पर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए |
